

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

**सुविचार -** सौम्यता मनुष्य का सबसे उत्तम गहना है। सौम्य व्यवहार से मनुष्य सभी का दिल जीत लेता है।

मंगलवार, 16 सितंबर, अश्विन कृष्ण पक्ष दशमी तिथि | UAN NUMBER RJ 21D0011677 वर्ष - 07 , अंक 35, पृष्ठ 03




मोहम्मद सिराज ने जीता है बड़ा अवॉर्ड

# सिराज ने जीता आईसीसी का प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड

एजेंसी . नई दिल्ली। मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती. इस कहावत को भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सच साबित कर दिया है। उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर शानदार खेल का प्रदर्शन किया और बिना रेस्ट लिए सभी पांच मैच खेलकर ये भी साबित कर दिया कि वो देश के लिए कुछ करना चाहते है। टीम इंडिया के मेन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को जब भी आराम दिया गया तो उस मैच में सिराज नें खुलकर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया और सीरीज में टीम के सबसे सफल गेंदबाज बनकर उभरे। वो पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लेने वाले खिलाड़ी भी थे।

सिराज इंग्लैंड के खिलाफ सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने वाले एकमात्र भारतीय तेज गेंदबाज थे। जिससे वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए और श्रृंखला के अंतिम दिन तक उसी तीव्रता से गेंदबाजी करना एक सराहनीय प्रयास था।

मेहनत का बड़ा फल : अब आईसीसी ने उनके इस मेहनत का बड़ा फल दिया है और अगस्त के महीने में शानदार प्रदर्शन करने की वजह से उन्हें ICC प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड दिया गया है। दाएं हाथ के इस गेंदबाज ने इस पुरस्कार के लिए न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स को पछाड़ा है।

सिराज इंग्लैंड के खिलाफ सभी पांच टेस्ट मैचों में खेलने वाले एकमात्र भारतीय तेज गेंदबाज थे। जिससे वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बन गए और श्रृंखला के अंतिम दिन तक उसी तीव्रता से गेंदबाजी करना एक सराहनीय प्रयास था।

सिराज ने अगस्त में खेले गए एक टेस्ट में 21.11 की औसत से 9 विकेट लिए। जिसने भारत को न केवल मुश्किल परिस्थिति से टेस्ट जीतने में मदद की, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि यह श्रृंखला 2-2 से बराबर रहे। अंतिम टेस्ट में सिराज के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। जिसमें दूसरी पारी में 30 ओवर गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट लेना भी शामिल था।

सिराज इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट गेंदबाज रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करने में भी सफल रहे। उन्होंने पांच टेस्ट मैचों में 32.43 की औसत से 23 विकेट लिए, जिसमें दो बार पारी में पांच विकेट भी शामिल हैं।

9वें भारतीय खिलाड़ी : इस साल इस अवॉर्ड पर भारतीय खिलाड़ियों का कब्जा रहा है. जिससे ये पता चल रहा है कि भारतीय खिलाड़ी न सिर्फ अपने घर में बल्कि बाहर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं. इस साल भारत के चार खिलाड़ी अब तक ये अवॉर्ड पा चुके हैं जबकि सिराज ये पुरस्कार जीतने वाले 9वें भारतीय खिलाड़ी हैं।

वर्ष 2025 में ICC प्लेयर ऑफ द मंथ जीतने वाले खिलाड़ी

जनवरी - जोमेल वारिकन (वेस्टइंडीज)
फरवरी - शुभमन गिल (भारत)
मार्च - श्रेयस अय्यर (भारत)
अप्रैल - मेहदी हसन मिराज (बांग्लादेश)
मई - मुहम्मद वसीम (यूएई)
जून - एडेन मार्करम (दक्षिण अफ्रीका)
जुलाई - शुभमन गिल (भारत)
अगस्त - मोहम्मद सिराज (भारत)

सर्वाधिक ICC प्लेयर ऑफ दि मंथ अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय : अभी तक भारतीय खिलाड़ियों में ये अवॉर्ड जीतने के मामले में टेस्ट कप्तान शुभमन गिल सबसे आगे हैं। उन्होंने कुल 4 बार ये अवॉर्ड अपने नाम किया है। जबकि बुमराह और अय्यर ने दो दो बार ये पुरस्कार जीत सके हैं। इसके अलावा कोहली, जायसवाल, पंत, अश्विन, भुनेश्वर और सिराज एक बार इस अवॉर्ड को पाने में सफल हुए हैं।

# 1 अक्टूबर से बदल जाएंगे टिकट बुकिंग के नियम



**यात्रियों के लिए जानना जरूरी आम यात्रियों को मिलेगा लाभ**

रिपोर्ट टाइम्स. नई दिल्ली। इंडियन रेलवे की ओर से एक अक्टूबर से नए नियम जारी किए जा रहे हैं। इसके लागू हो जाने से ट्रेनों के टिकटों में दलालों पर काफी हद तक अंकुश लग सकेगा। इसमें एक अक्टूबर से ऐसे नॉन तत्काल यानी सामान्य यात्रियों को रेलवे टिकट बुकिंग खुलने के पहले 15 मिनट में टिकट बुक करने में प्राथमिकता दी जाएगी जिनका आधार वेरीफाई होगा।

रेल बोर्ड ने इस बारे में सोमवार को एक आदेश जारी किया है। रेलवे बोर्ड का कहना है कि हालांकि पहले यह सुविधा तत्काल टिकट बुक कराने वालों को दी गई थी। लेकिन, अब आम लोगों को भी यह सुविधा देना शुरू किया जा रहा है जो नॉन तत्काल टिकट बुक कराते हैं।

आधार वेरिफिकेशन का होगा जरूरी : रेलवे के मुताबिक इसके लिए ट्रेन टिकट की सामान्य बुकिंग कराने वाले यात्रियों को आधार सिस्टम से वेरिफाइड होना जरूरी है। वहीं आधार वेरिफाई होने पर ऐसे यात्रियों को पहले 15 मिनट तक टिकट बुक कराने के लिए प्राथमिकता मिलेगी। खास बात यह भी है कि इस दौरान टिकट एजेंट भी टिकट बुक नहीं करा सकेंगे। इतना ही नहीं ऐसे लोग IRCTC की वेबसाइट या ऐप के जरिए आरक्षित जनरल टिकट बुक करा सकेंगे।

निर्णय जनता के हित में : रेलवे बोर्ड के जारी आदेश में कहा गया है कि आरक्षण प्रणाली का लाभ आम उपयोगकर्ता तक आसानी से पहुंच सके और टिकट दलाल इसका दुरुपयोग ना कर सकें, इसलिए ऐसा निर्णय लिया गया है। इसमें 1 अक्टूबर 2025 से सामान्य आरक्षण खुलने के पहले 15 मिनट के दौरान सिर्फ आधार-प्रमाणित उपयोगकर्ता ही इंडियन रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (IRCTC) की वेबसाइट/इसके ऐप के जरिए आरक्षित जनरल टिकट बुक कर सकेंगे। वहीं भारतीय रेलवे के कम्प्यूटरीकृत पीआरएस काउंटरों के माध्यम से सामान्य आरक्षित टिकटों की बुकिंग के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। हालांकि यह नया नियम उस समय आया है, जबकि रेलवे ने जुलाई 1 से ही तत्काल टिकट के लिए आधार कार्ड को आवश्यक बना दिया है। इतना ही नहीं 1 जुलाई 2025 से तत्काल टिकट बुक करने के लिए आधार कार्ड देना जरूरी हो गया है। यह नियम IRCTC की वेबसाइट और ऐप पर लागू होगा।

# सरकारी टीचर ने 600 किलोमीटर दूर से आई प्रेमिका को मारा



रिपोर्ट टाइम्स. बाड़मेर जिले से हत्या की एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। एक सरकारी शिक्षक ने अपनी प्रेमिका की लोहे के सरिया से वार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा सहित रीको थाना पुलिस, डीएसपी, एएसपी, डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से मुआयना कर आरोपी शिक्षक मानाराम को हिरासत में ले लिया है।

पति-पत्नी में थी अनबन : बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि सोम्बंवर सुबह 7:00 बजे रीको थाना क्षेत्र के बलदेव नगर से सटे शिवाजी नगर में हत्या की सूचना मिली थी। आरोपी शिक्षक मानाराम ने पुलिस की शुरुआती पूछताछ में बताया कि उसकी प्रेमिका मुकेश कुमारी कासनी, झुंझुनू की रहने वाली थी। उसकी अपने पति से अनबन थी और साथ नहीं रहती थी। अक्टूबर 2024 में दोनों की दोस्ती फेसबुक पर हुई थी, जो बाद में प्रेम-संबंध में बदल गई।

हत्या कर एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश : पुलिस के मुताबिक, 10 सितंबर को मुकेश कुमारी अपनी ऑल्टो कार से चिड़ावा से बाड़मेर आई थी। वह पहले मानाराम के गांव गई और फिर वापस बाड़मेर लौटी। यहीं पर आरोपी ने लोहे के सरिया से उस पर वार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने मुकेश कुमारी के शव को उसकी ही कार में रखकर एक सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की, लेकिन पुलिस की सतर्कता से उसका यह प्रयास नाकाम हो गया। पुलिस आरोपी शिक्षक मानाराम से मामले की गहन पूछताछ करने में जुटी है।

# राजस्थान में 222 अधिकारियों का तबादला




रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। सरकार ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 222 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इसके साथ ही 11 अधिकारियों को उनके मौजूदा पदभार के साथ अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस लिस्ट का लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। अधिकारियों के टांसफर के लिए कई दिनों से मशक्कत जारी थी। अब इसका नतीजा आ चुका है और अधिकारियों के ट्रांसफर की लिस्ट जारी हो गई है। दिनेश कुमार जांगिड़ को पशुपालन विभाग में संयुक्त शासन सचिव बनाया गया है। वहीं, असलम शेर खान को अल्पसंख्यक मामलात में संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। नरेंद्र कुमार बंसल को जयपुर ग्रेटर नगर निगम में अतिरिक्त आयुक्त और आनंदीलाल वैष्णव को गृह विभाग में संयुक्त शासन सचिव पद का जिम्मा सौंपा गया है। कार्मिक विभाग की ओर से जारी आदेश में सरकार के कई विभागों में अधिकारी बदले गए हैं। पदस्थापन की प्रतीक्षा कर रहे आरएएस अधिकारियों को पोस्टिंग दी गई है। अदेश में कहा गया है कि सहकारिता विभाग के संयुक्त शासन सचिव दिनेश कुमार को पशुपालन विभाग में संयुक्त शासन सचिव पद पर लगाया गया है। जल संसाधन विभाग में संयुक्त सचिव असलम शेर खान को अल्पसंख्यक मामला विभाग में संयुक्त सचिव पद पर लगाया गया है। आरएएस नरेश कुमार बंसल को कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव पद से हटाकर नगर निगम जयपुर ग्रेटर में अतिरिक्त आयुक्त लगाया गया है। आरएएस आनंदी लाल वैष्णव अब संयुक्त शासन सचिव (गृह-पुलिस) होंगी। आदेश में दर्जन भर आरएएस अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है, जबकि पहले किए गए कुछ तबादलों के आदेश रद्द कर दिए गए हैं।





भगवान कृष्ण रूक्मणी विवाह की झांकी ने सभी का मन मोह लिया

# भगवान कृष्ण रूक्मणी विवाह की झांकी रही आकर्षण का केन्द्र

इस अवसर पर सजी श्री कृष्ण - रुक्मणी विवाह की भव्य सजीव झांकी बड़ी मनमोहक रही। कथा में भक्ति मय भजनों से आनन्द की बौछार हुई। कथा से पूर्व मुख्य यजमान रामवतार शर्मा- कलावती देवी व परिवार के सदस्यों ने आचार्य नरेश जोशी, आमोद शर्मा, विक्रम शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य भागवत व व्यास पूजन किया। इस दौरान महेन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा, प्रमोद शर्मा, अनिल शर्मा, वेद प्रकाश,सुशील कुमार, विनोद कुमार लाम्बीवाला, विनोद खंडेलवाल, कमल मोदी, सुरेश खंडेलवाल, मोतीलाल लांबीवाला, सांवरमल गहलोत, रामवतार शर्मा श्योपुरा, ओम प्रकाश कौशिक, योगेंद्र मिश्रा, राजीव शुक्ला, सुभाष लांबीवाला, कमल शर्मा, संजय शर्मा श्योपुरा, गोपाल लाठ, गोपाल सिंह सुलताना, राजेश दायमा, रतनलाल गोयल, सिद्धार्थ शर्मा, अजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला पुरुष मौजूद रहे।

# जो भक्त भगवान को समर्पित हो जाता है भगवान उससे विवाह कर लेते है- पंडित तिवाड़ी

**संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा**

जब भक्त संसार के चक्र व्यूह से निकलकर परमात्मा को समर्पित हो जाता है तथा अपना सब कुछ भगवान को मानने लगता है तब भगवान उसकी वृतियों से तदाकार करके उससे विवाह कर लेते है। भगवान का एक नाम विवाह भी है, जो उनको समर्पित हो जाता है भगवान उससे विवाह कर लेते है। उक्त वक्तव्य कथा व्यास वाणी भूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने शहर के पुराने पोस्ट ऑफिस के पास पितृ पक्ष के अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान रुक्मणी विवाह के अवसर पर कहे। उन्होंने बताया की रुक्मणी ने मन वचन कर्म से एकनिष्ठ होकर श्रीकृष्ण की चाहत की तो भगवान कृष्ण ने उन्हें अपना बना लिया। तिवाड़ी ने कहा की भगवान बहुत दयालु है। कथा मे महारास की वैज्ञानिक व्याख्या की गई व कंस वध उद्धव प्रसंग भी विस्तार से सुनाया गया। उन्होंने कहा कि ईश्वरीय कथाओं में स्पष्ट है कि भगवान हरि की लीलाओं में अवतरण के समय सहयोग के लिए लक्ष्मी जी भी अवतार धारण करती हैं और ईश्वरीय लीलाओं की पूर्णता की कारक बनती हैं। विवाह से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। कथा के अंतिम दिन मंगलवार को कथा व्यास दो राष्ट्रीय पुरस्कारों से विभूषित वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन करेंगे। आयोजन के दौरान आयोजकों की ओर से बेहतरीन व्यवस्थाओं की आने वाले श्रद्धालुओं ने खूब सराहना भी की है। श्रद्धालुओं का कहना था कि पिछले छह दिन से चल रही कथा के दौरान सभी श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रखा गया। आस्था के साथ पांडाल में भक्ति और श्रद्धा की त्रिवेणी बहती नजर आई। इस भव्य कथा आयोजन की पूरे चिड़ावा शहर में चर्चा है। बामनवासिया परिवार को सभी साधुवाद दे रहे हैं।

## श्याम दरबार की तैयारियों पर चर्चा कन्हैया मित्तल 24 को आएंगे चिड़ावा

**आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स | चिड़ावा**

चिड़ावा शहर में भाजपा नेता सुरेश भूकर के नेतृत्व में 24 सितंबर को सजने जा रहे श्याम दरबार को लेकर तैयारियों पर चर्चा हुई। विवेकानंद चौक के हरिदास सेवा सदन में बैठक व्यवस्था, वॉलेंटियर, पानी, पार्किंग, एंट्री, एग्जिट सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रोफेसर केएम मोदी, संदीप हिम्मतरामका, अनिल रामभरोसा, रमेश स्वामी, श्रीराम परिवार अध्यक्ष सुरजीत सैनी, आशीष जांगिड़, गौरक्षा दल के बाबूसिंह राजपुरोहित, विनय सोनी, राजेश वर्मा, विवेकानंद मित्र परिषद के संरक्षक रोहिताश्व महला, बबलू गोयल, इंद्र सूरजगढ़िया, सुनील मंड्रेलिया आदि ने आवश्यक सुझाव दिए। इस मौके पर कई गणमान्य जन मौजूद रहे।





# बेटी को न्याय दिलाने बिलख पड़ी मां

## पुलिस पर लगाया ढिलाई बरतने का आरोप, डीएसपी बोले - पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई





योगेश शर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। पिलानी यूको बैंक में मैनेजर संगीता की 25 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया हैं। सोमवार को काकोड़ा, झाझड़िया की ढाणी व चिड़ावा के विकास नगर से बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा होकर पिलानी रोड़ स्थित डीएसपी कार्यालय पहुंचे व रोष प्रकट किया। डीएसपी विकास धींधवाल के मौजूद ना होने पर सभी लोग धरने पर बैठ गए।

**2018 में पिचानवा के मनोज बराला से हुई थी शादी :** संगीता की शादी 2018 में पिचानवा निवासी मनोज बराला से हुई थी। 2022 में संगीता ने बेटे प्राशिव को जन्म दिया। संगीता की मां वीरांगना मुन्नी देवी ने आरोप लगाया कि शादी के 15-20 दिन बाद से ही संगीता को उसका पति व घरवाले परेशान करने लगे थे। संगीता को पीहर भी नहीं जाने दिया जाता था।

**संगीता के नाम से ले रखा था 90 लाख का लोन :** आरोप है कि मनोज ने संगीता के नाम से 80-90 लाख रुपए का गोल्ड लोन व कार लोन ले रखा था साथ ही संगीता के नाम पर लाखों रुपए की जमीन व एफ डी भी थी जिसे मनोज ने अपने नाम करवा लिया। संगीता की मां का आरोप है कि इन सब की वजह से संगीता की जहर देकर हत्या की गई।

**मां बोली - संगीता को दिया गया जहर :** संगीता की मां व बुआ के साथ ही धरने में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि संगीता को जहर देकर मारा गया। संगीता किसी भी बिमारी से पीड़ित नहीं थी। परिजनों ने आरोप लगाए की हत्या वाले दिन संगीता को 10 बजे पिलानी बैंक पहुंचना था लेकिन लगभग साढ़े ग्यारह बजे तक उसका कोई अता-पता नहीं था। संगीता जो कपड़े पहन कर ड्यूटी के लिए निकली थी वह कपड़े भी बदल दिए गए। जहर देने से संगीता का शरीर फूल गया था जिसकी वजह से आनन फानन में दाह संस्कार किया गया। संगीता की मां का आरोप है कि संगीता की मौत के एक घंटे के भीतर संगीता के कमरे को खाली कर दिया गया।

अपनी पीड़ा बयान करते हुए संगीता की मां का रोल रो कर बुरा हाल था। एक समय ऐसा भी आया कि वें बेसुध होकर गिर पड़ीं जिन्हें पास खड़ी महिलाओं ने सम्हाला।

**पुलिस पर भी ढिलाई बरतने के आरोप :** संगीता के परिजनों ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध प्रतीत होती है। हत्या की एफआईआर के बावजूद पुलिस द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**डीएसपी को सौंपा ज्ञापन :** परिजनों व ग्रामीणों ने आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर डीएसपी विकास धींधवाल को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि अगर पांच दिन में कार्यवाही नहीं हुई तो वे प्रदर्शन करेंगे। डीएसपी धींधवाल ने उन्हें आश्वस्त किया की पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# चिड़ावा में शाम 5 से 8 बजे तक मार्केट जोन में होगा कचरा संग्रहण

## नगरपालिका प्रशासन ने जारी किए आदेश, व्यापारियों से सहयोग की अपील

रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा।

चिड़ावा शहर को स्वच्छ बनाने की पहल के तहत चिड़ावा नगर पालिका ने एक नया शेड्यूल जारी किया है। इसके तहत, कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ी अब शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक मार्केट जोन में कचरा इकट्ठा करेगी। इस पहल का उद्देश्य बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखना है। नगर पालिका ने सभी व्यापारियों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है कि वे अपना कचरा सड़क पर न डालकर सीधे संग्रहण गाड़ी में ही डालें। इससे न केवल सड़कों की सफाई होगी, बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ बना रहेगा। अगर किसी भी व्यापारी या नागरिक को कचरा गाड़ी से संबंधित कोई समस्या आती है, जैसे गाड़ी का न रुकना, स्वच्छता अभियान का गाना न बजना या उसका समय पर न आना, तो वे तुरंत सूचित कर सकते हैं। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया है। शिकायत दर्ज कराने के लिए सज्जन कुमार से 99284 57678 पर संपर्क किया जा सकता है। इस व्यवस्था से कचरा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।

# सेखसरीया गर्ल्स कॉलेज की खुशी जिला स्तर पर द्वितीय

## मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर झुंझुनू में युवा संवाद प्रतियोगिता आयोजित



राजेंद्र सिंह, रिपोर्ट टाइम्स, चिड़ावा

मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) पर झुंझुनू में आयोजित जिला स्तरीय युवा संवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। झुंझुनू प्रगति संस्थान (जेपीएस) द्वारा झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी के सौजन्य से इस वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन झुंझुनूं एकेडमी के समसपुर रोड़ स्थित कैम्पस में किया गया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता मोटिवेशनल स्पीकर हुक्मीचंद लाम्बीवाला ने की। वरिष्ठ समाजसेवी एवं भामाशाह विश्वनाथ टीबड़ा व किशोरीलाल टीबड़ा भी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का विषय "देश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कॉलेज की छात्रा खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विषय के विपक्ष में बोलते हुए खुशी ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को संदिग्ध और संसाधनों का दुरुपयोग बताते हुए मजबूती से अपनी बात रखी और निर्णायकों को सोचने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता में अर्पिता शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान लवीना शेखावत प्राप्त किया हैं। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 5100, 3100 व 2100 रुपए नगद, मोमेंटो व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पक्ष व विपक्ष में संयुक्त रूप से झुंझुनूं एकेडमी की टीम प्रथम रही, जिसे प्रतियोगिता की चल वैजयंती प्रदान की गई। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. भावना शर्मा, पूनम व ब्रह्म कुमार शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम में झुंझुनूं प्रगति संस्थान के चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, प्रमोद खंडेलिया, कुरड़ाराम धींवा, प्रमोद कुमार शर्मा, योगेश खण्डेलिया, डॉ. आशीष अग्रवाल, सीए पवन केड़िया, अशोक केड़िया, शिवचरण पुरोहित, डॉ. डीएन तुलस्यान, एडवोकेट अशोक शर्मा, राजेंद्र जोशी, डॉ. हनुमानप्रसाद, आकाश मोदी, कार्यक्रम संयोजक एसएन शर्मा, सह संयोजक भंवरलाल स्वामी मौजूद रहे।